इलाहाबाद विश्वविद्यालय / UNIVERSITY OF ALLAHABAD
राजभाषा अनुभाग / RAJBHASHA SECTION
कक्ष संख्या 12-13, प्रथम तल, तिलक भवन, सीनेट परिसर, इलाहाबाद विश्वविद्यालय,
प्रयागराज, ईमेल rajbhasha@allduniv.ac.in, दूरभाष/मो. नं. 7535990036.

पत्रांक : रा.भा./प्रशि./2025-26/398

दिनांक : 08 अप्रैल, 2025 ।

# सूचना

**विषय : इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं संघटक महाविद्यालयों के शिक्षणेत्तर अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु पांच दिवसीय बेसिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में ।**

एतद्द्वारा सूचित किया जता है कि कुलपति महोदया के आदेश के अनुपालन में राजभाषा अनुभाग, इ.वि.वि. द्वारा दिनांक 28 अप्रैल, 2025 से 02 मई, 2025 तक पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 5:00 तक तिलक भवन, सीनेट परिसर, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज के सभागार में **बेसिक प्रशिक्षण कार्यक्रम** का आयोजन किया जाएगा ।

2. उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं संघटक महाविद्यालयों में सेवारत नियमित अधिकारी एवं कर्मचारिवृन्द पात्र होंगे । इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य केन्द्रीय सरकार की राजभाषा नीति से अवगत कराना, राजभाषा संबंधी प्रावधानों पर विस्तृत परिचर्चा, क्रियान्वयन संबंधी व्यावहारिक समस्या पर परिचर्चा एवं समाधान, टूल्स के माध्यम से अनुवाद संबंधी कृत्यों का निष्पादन, प्रारूपण, टिप्पण लेखन, शासकीय, अर्ध-शासकीय एवं अशासकीय पत्रों का मानक प्रारूपण, प्रशासनिक शब्दावली पर परिचर्चा आदि कराना है ।

3. इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं संघटक महाविद्यालयों में सेवारत **अधिकारियों एवं कर्मचारियों** से यह अपेक्षा की जाती है कि उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित करते हुए सम्यक रूप से भरा हुआ विहित प्रपत्र (अनुसंलग्नक "क") के माध्यम से दिनांक 26 अप्रैल, 2025 तक rajbhasha@allduniv.ac.in को प्रेषित करने का कष्ट करे अथवा व्यक्तिगत रूप से राजभाषा कार्यालय, प्रथम तल, तिलक भवन, सीनेट परिसर, इ.वि.वि. में जमा करने का कष्ट करें ।

4. समस्त समक्ष प्राधिकारियों से यह अपेक्षा की जाती है कि अपने अधीनस्थ कार्यरत इच्छुक **अधिकारियों एवं कर्मचारियों** को इस निमित्त निर्दिष्ट **अवधि के लिए कार्यमुक्त करने का कष्ट करें ।**

आशीष

**(प्रो. आशीष खरे)**
कुलसचिव,
इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज ।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित :-

(1) माननीय कुलपति महोदया के वैयक्तिक सचिव;
(2) कुलसचिव के वैयक्तिक सचिव;
(3) अध्यक्ष, आई.सी.टी. प्रकोष्ठ;
(4) समस्त अधिष्ठाता/ विभागाध्यक्ष/ निदेशक/ समन्वयक;
(5) संघटक महाविद्यालय के समस्त प्राचार्य;
(6) वित्त अधिकारी, परीक्षा नियंत्रक, कुलानुशासक;
(7) कुल अभियंता, पुस्तकालयाध्यक्ष; प्लेसमेंट अधिकारी;
(8) समस्त संयुक्त कुलसचिव/ उपकुलसचिव/ सहायक कुलसचिव;
(9) क्रय अधिकारी, जन-संपर्क अधिकारी ।

प्रवीण श्रीवास्तव
08.04.2025

**(प्रवीण श्रीवास्तव)**
हिन्दी अधिकारी, राजभाषा,
इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज ।

पांच दिवसीय बेसिक प्रशिक्षण कार्यक्रम (२४ अप्रैल से २ मई तक)

# इलाहाबाद विश्वविद्यालय

प्रयागराज -211002, उ0प्र0 (भारत)

## UNIVERSITY OF ALLAHABAD

PRAYAGRAJ -211002, U.P. (INDIA)

पांच दिवसीय बेसिक प्रशिक्षण कार्यक्रम : २४ - ०२ मई 2025

नामांकन के लिए प्रपत्र

---

क्रमांक : ................................( ब्यूरो /राजभाषा अनुभाग द्वारा)

प्रतिभागी/कार्मिक का नाम : ................................................................

(व्यक्तिगत मोबाइल नं तथा : ................................................................

ई- मेल पता ) ................................................................

विभाग का नाम : ................................................................

................................................................

पदनाम : ................................................................

शैक्षिक योग्यता : ................................................................

स्नातक परीक्षा का विषय : ................................................................

कोई विशेष टिप्पणी : ................................................................

................................................................

(सक्षम प्राधिकारी के मोहर सहित हस्ताक्षर)